• ध्यान दें...

## होटल में ठहरने से पहले

किसी भी महिला के लिए यह एक दर्दनाक अनुभव हो सकता है। इसलिए हम सभी को खुद भी सुरक्षित रहना पड़ेगा और कुछ भी करने से पहले सोचना होगा। वहीं, अगर आप बाहर जा रहे हैं, तो होटल में ठहरते वक्त कुछ बातें हैं जिनका आपको ध्यान रखना चाहिए। होटल का कमरा चुनते समय कोशिश करें कि आपका कमरा मैन गेट के पास न हो, बल्कि होटल की ऊपरी मंजिल पर हो। यह सुरक्षा के लिए बेहतर होता है और आप गलत लोगों की नजरों से भी दूर रहते हैं। इसलिए होटल बुक करने से पहले इस बात का ध्यान रखें।

▶ होटल में रुकते वक्त इस बात पर खास ध्यान दें। किसी भी अनजान इंसान से अपनी या अपने होटल्स की डिटेल्स को बिल्कुल भी शेयर न करें। साथ ही, इनके साथ ऐसी प्राइवेट चीजें बिल्कुल भी शेयर न करें। साथ ही रिसेप्शन पर चाबी लेने के बाद किसी को अपना रूम नंबर पता न लगने दें।

▶ हमेशा कमरे का दरवाजा बंद रखें और दरवाजे के लॉक और चेन लॉक का इस्तेमाल करें। अगर दरवाजे में पीप होल है, तो दरवाजा खोलने से पहले उसकी मदद से देखें।

▶ अगर कोई व्यक्ति होटल स्टाफ होने का दावा करता है और आपके कमरे में आना चाहता है, तो पहले होटल रिसेप्शनपर कॉल करके उनकी पहचान कर लें। इसके बाद ही दरवाजा खोलें और अपने कमरे में आने दें।

▶ आए दिन ऐसे कई हादसे सुनने को मिलते है जिनमें होटल की छत, बैलकोनी या खिड़की से गिरकर किसी की मौत हो जाती है। विदेशों से लेकर भारत तक ऐसे कई हादसे हो चुके हैं और होते रहते हैं। हमारी सावधानी हमारे अपने हाथों में है। इसलिए असेफ जगहों से बराबर दूरी बनाकर चलें।

▶ आजकल तो हर काम ऑनलाइन होने लगा है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपना होटल फाइनल करने से पहले होटल का रिव्यू और रेटिंग जांच करके ही रूम की बुकिंग करें। साथ ही, इसकी हिस्ट्री भी पढ़ लें, यहां वुमन को लेकर कोई अपराध तो नहीं हुआ है।

▶ अगर आपके रूम में दो साइड मिरर है, तो इसका मतलब है कि कमरे का व्यू बगल वाले कमरे में भी दिखाई देता है। वहीं, दरवाजे का छेद भी अच्छे से चेक कर लें, कहीं बेड के पास होने पर दरवाजे के छेद को किसी कागज से ढक रखा हो।

• नई खोज...

## रोड ट्रिप

रोड ट्रिप नई जगहों को खोजने, खूबसूरत नजारे देखने और यादगार पलों को संजोने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं। चाहे आप दोस्तों के साथ रोड ट्रिप पर जा रहे हों या परिवार के साथ घूमने का मन बनाया हो, यह आपके एक्सपीरियंस को हमेशा के लिए यादगार बनाता है।



हालांकि, कई बार यह देखने में आता है कि रोड ट्रिप लोगों के लिए मुसीबत भी बन जाता है, क्योंकि वे उसकी सही तरह से तैयारी नहीं करते हैं। रोड ट्रिप को मजेदार बनाने के लिए उसकी सही तरह से प्लानिंग करना बेहद जरूरी होता है। एक अविस्मरणीय अनुभव के लिए रोड ट्रिप पर जाते हुए कुछ छोटे- छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी रोड ट्रिप को और भी ज्यादा मजेदार बनाएंगे-

▶▶ जब आप रोड ट्रिप पर जा रहे हैं तो ऐसे में कुछ जरूरी सामान अपनी कार में रखना बेहद जरूरी है। इसलिए, रोड ट्रिप पर निकलने से पहले आप एक चेकलिस्ट जरूर बनाएं, जिसमें रोड ट्रिप के लिए नाश्ता, पानी, फर्स्ट एड किट व अन्य जरूरी सामान को जरूर रखें। मसलन, अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के लिए अतिरिक्त चार्जर लाना न भूलें या फिर अगर बच्चे आपके साथ हैं तो उनके फेवरिट गेम्स या टॉयज को अपने साथ जरूर रखें।

▶▶ रोड ट्रिप पर निकलने से पहले एक बार अपनी कार को अच्छी तरह चेक जरूर करें। आप कार में तेल, ब्रेक और टायरों आदि की मेंटेनेंस जरूर करें। इसके अलावा आप यह भी सुनिश्चित करें कि आपके सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स जैसे कि कार की आरसी, इंश्योरेंस आदि अप-टू-डेट हों। इससे आपको रोड ट्रिप के दौरान किसी भी तरह की मुश्किल का सामना अपेक्षाकृत कम करना पड़ेगा और आपकी ट्रिप अधिक मजेदार बनेगी।

▶▶ जब आप रोड ट्रिप पर जा रही हैं तो उसे और भी ज्यादा मस्तीभरा या मजेदार बनाने के लिए आप बीच-बीच में ब्रेक जरूर लें। इसके लिए पहले से प्लानिंग करना ज्यादा अच्छा रहता है। आप रोड ट्रिप के दौरान कुछ ऐसी जगहों को पहले से ही चुन लें, जहां पर आप कुछ वक्त के लिए आराम से रिलैक्स कर सकते हैं। रोड ट्रिप के दौरान रास्ते में ब्रेक लेने से आपको आप रास्तों के नजारों का आनंद ले सकते हैं और कुछ मस्तीभरे पल जी सकते हैं।

▶▶ जब आप दोस्तों या फैमिली के साथ रोड ट्रिप पर जा रहे हैं तो ऐसे में आपको रास्ते को एन्जॉय करने के लिए ट्रैवल गेम्स, बच्चों या बड़ों के लिए टैबलट या अन्य एक्टिविटी आइटम्स को साथ रख लेना चाहिए। इतना ही नहीं, आप अपनी रोड ट्रिप को हमेशा के लिए यादगार बनाने के लिए कुछ फोटोज व वीडियोज लेना ना भूलें। इससे आप हमेशा ही अपनी रोड ट्रिप के दौरान बिताए गए यादगार पलों को आसानी से दोबारा जी पाएंगे।

▶▶ हर कोई रोड ट्रिप को बेहतरीन तरीके से एन्जॉय कर सके, इसके लिए जरूरी है कि आप फेवरिट सॉन्ग की प्लेलिस्ट बना लें। अगर आप चाहें तो कुछ पॉडकास्ट और ऑडियोबुक डाउनलोड कर सकते हैं।




## कनाडा जाना चाहते हैं तो यहां जरूर जाएं

यह एक ऐसा देश है, जो आपको बार-बार यहां पर आने के लिए मजबूर करेगा। कनाडा क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

**इसकी सीमा दक्षिण में संयुक्त राज्य अमेरिका, उत्तर-पश्चिम में अलास्का और प्रशांत, आर्कटिक और अटलांटिक महासागरों से लगती है। अपने मंत्रमुग्ध करने वाले नियाग्रा फॉल्स और आइस हॉकी के लिए प्रसिद्ध, यह देश छुट्टियों में घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है...**

अधिकतर लोगों को घुमक्कड़ी का शौक होता है और वे देश-विदेश में हमेशा घूमने की प्लानिंग करते रहते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शुमार है तो आपको कनाडा को भी अपनी ट्रेवल बकिट लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। कनाडा में आप कई बेहतरीन जगहों व चीजों को एक्सप्लोर कर सकते हैं, जो आपकी ट्रिप को यादगार बनाएंगी।

यह एक ऐसा देश है, जो आपको बार-बार यहां पर आने के लिए मजबूर करेगा। कनाडा क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। इसकी सीमा दक्षिण में संयुक्त राज्य अमेरिका, उत्तर-पश्चिम में अलास्का और प्रशांत, आर्कटिक और अटलांटिक महासागरों से लगती है। अपने मंत्रमुग्ध करने वाले नियाग्रा फॉल्स और आइस हॉकी के लिए प्रसिद्ध, यह देश छुट्टियों में घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आपको कनाडा में किन चीजों को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए-



● कनाडा के अल्बर्टा और ब्रिटिश कोलंबिया में आप रॉकी माउंटेन को एक्सप्लोर कर सकती हैं। इन रॉकी माउंटेन में ऊंची चोटियों से लेकर ग्लेशियर और प्राचीन झीलें सहित आश्चर्यजनक परिदृश्य हैं। आप लेक लुईस और मोराइन झील के फिरोजा पानी में पैदल यात्रा करने के लिए बैंफ नेशनल पार्क जाएं। जैस्पर नेशनल पार्क वन्यजीवों को देखने के अवसरों को प्रदान करता है। आप यहां पर हाइकिंग, स्कीइंग, वन्यजीव पर्यटन और आइसफील्ड पार्कवे के साथ सुंदर ड्राइव का लुत्फ उठा सकते हैं।

● अगर आप कनाडा में हैं और आपने नियाग्रा फॉल्स को नहीं देखा तो समझ लीजिए कि आपकी यात्रा पूरी ही नहीं हुई। ओंटारियो में मौजूद नियाग्रा फॉल्स दुनिया के सबसे प्रसिद्ध प्राकृतिक आकर्षणों में से एक है। फॉल्स में तीन झरने हैं- हॉर्सशू फॉल्स, अमेरिकन फॉल्स और ब्राइडल वील फॉल्स। आप फॉल्स के करीब जाने के लिए बोट टूर लें। इसके अलावा, नियाग्रा गॉर्ज ट्रेल्स पर टहलें या स्काईलॉन टॉवर से नजारे का आनंद लें।


● टोरंटो कनाडा का सबसे बड़ा शहर है और कनाडा में घूमने लायक बेहतरीन जगहों में से एक है। यह शहर अपनी विविधता, बेहतरीन म्यूजियम और प्रतिष्ठित सीएन टॉवर के लिए जाना जाता है। जब आप यहां पर हैं तो आप रॉयल ओंटारियो म्यूजियम और ओंटारियो की आर्ट गैलरी जाएं। ऐतिहासिक डिस्टिलरी डिस्ट्रिक्ट का पता लगाएं और टोरंटो द्वीपों को देखना ना भूलें। साथ ही साथ, सीएन टॉवर शहर के मनोरम दृश्य को अपनी आंखों में बसा लें।

● ब्रिटिश कोलंबिया में स्थित वैंकूवर पहाड़ों और पानी से घिरा एक तटीय शहर है। यह शहर अपने बेहतरीन भोजन और प्रकृति तक पहुंच के लिए जाना जाता है। आप यहां पर बाइकिंग या सीवॉल के साथ टहलने के लिए स्टेनली पार्क जाएं। हाइकिंग या स्कीइंग के लिए ग्राउंड माउंटेन की एक दिन की यात्रा करें। वैंकूवर में घूमते समय आप वैंकूवर एक्वेरियम और साइंस वर्ल्ड को बिल्कुल भी मिस ना करें।

■ साभार- हेजि

• ऐतिहासिक...

## हैदराबाद



हैदराबाद में बहुत सारी ऐतिहासिक स्थलें हैं जैसे कि चारमीनार, गोलकोंडा किला, और सालेबंदर। ये स्थलें शहर के समृद्ध इतिहास और संस्कृति को दर्शाते हैं। आप सुबह की शुरुआत ऐतिहासिक धरोहर की सैर से कर सकते हैं। आप गोलकोंडा किला, चारमीनार और कुतुब शाही मकबरा जैसी जगहों में से किसी एक जगह पर घूमने जाएं। अगर आप चारमीनार जाते हैं, तो यहीं पर आप नाश्ता भी कर सकते हैं। क्योंकि चारमीनार के चारों तरफ मार्केट है। यहां आप पुराने बाजार की गलियों में घूम सकते हैं। सालार जंग म्यूजियम देखने के बाद आप हुसैन सागर झील जाएं। यहां आप दोपहर का वक्त बिताएं। इस झील में आपको बोटिंग करने का भी मौका मिलेगा। यहां का शांतिपूर्ण वातावरण और झील के नजारा आपको सुकून देगा। अगर आपको शाम के समय शॉपिंग करनी है, तो शिल्पा रमण से लौटते समय लड्डू बाजार की ओर जाएं। यहां आपको हैदराबाद की मशहूर मिठाइयां और कपड़े मिलेंगे। शाम के समय इस मार्केट का नजारा सुंदर होता है।

• मुन्नार...



*दक्षिण भारत के केरल राज्य में एक से एक शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं, लेकिन अगर आप इस राज्य की सबसे सुरक्षित जगह घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो फिर आपको मुन्नार पहुंच जाना चाहिए। मुन्नार केरल का सबसे चर्चित हिल स्टेशन भी माना जाता है। मुन्नार की हसीन वादियों में मौजूद कुंडला झील, अनामुडी पीक, चाय के बागान, इको पॉइंट और मट्टुपेट्टी डैम जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।*